PHOTO GALLERY AND NEWS : 07-02-2012

हे प्रभो! यह तेरापंथ

सादर प्रकाशनार्थ

महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम

कोलकाता। दिनांक 07 फरवरी 2012 को प्रातः 11 बजे मंगलबेला में नवकार महामंत्र के साथ जैन संस्कार विधि से महासभा कार्यालय में प्रवेश के पश्चात भिक्षु ग्रंथागार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू एवं अन्य पदाधिकारीगण ने दायित्व ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम में प्रधान न्यासी श्री कमल कुमार दुगड़, उपाध्यक्ष श्री किशनलाल डागलिया, श्री सुकनराज परमार, श्री विमल सुराणा, श्री विनोद बैद महामंत्री श्री बिनोद कुमार चोरड़िया, सहमंत्री श्री बजरंग सेठिया तथा कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बोरड़, ट्रस्टी श्री बिमल कुमार नाहटा, श्री राजकरन सिरोहिया, श्री सुरिन्दर कुमार मित्तल, श्री विवेक कठोतिया उपस्थित थे। निवर्तमान अध्यक्ष श्री चैनरूप चिण्डालिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू को दायित्व हस्तांतरित किया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री भोजराज बैद ने कहा कि नवनिर्वाचित टीम आपसी तालमेल के द्वारा व्यवस्थित रूप से कार्यों का संचालन कर महासभा एवं समाज का गौरव बढ़ायेगी ऐसी आशा है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सूरज बरड़िया एवं ट्रस्टी श्रीमती शांता पुगलिया, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, कोलकाता के मंत्री श्री नरेन्द्र मणोत, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष श्री बसंत पटावरी, तेरापंथ महिला मंडल-कोलकाता की अध्यक्ष श्रीमती कमला छाजेड़ एवं मंत्री श्रीमती सुनीता सेठिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू, प्रबंध न्यासी श्री कमल कुमार दुगड़ के कार्यकाल के प्रति शुभकामनाएं प्रस्तुत की।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा-कोलकाता, तेरापंथ युवक परिषद - कोलकाता, तेरापंथ महिला मंडल-कोलकाता के पदाधिकारियों द्वारा महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण एवं ट्रस्टीगण का मोमेन्टो तथा साहित्य द्वारा सम्मान किया गया। श्री रणजीतसिंह कोठारी ने अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू एवं प्रधान न्यासी श्री कमल कुमार दुगड़ को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि श्री चैनरूप जी चिण्डालिया ने पिछले दो वर्षों में महासभा को जो ऊँचाईयां प्रदान की है उसे हम पूर्व पदाधिकारीगण व वर्तमान टीम के सहयोग से और अधिक विस्तार देने का भरसक प्रयास करेंगे। मुम्बई से पधारे श्री सुमतिचन्द गोठी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रधान न्यासी को अपनी शुभकामनाएं दी।

तेरापंथी सभा, कोलकाता के मंत्री श्री नरेन्द्र मणोत ने महासभा द्वारा संचालित मेधावी छात्र प्रोत्साहन परियोजना हेतु एक छात्र के लिए रु. 31,000/- की राशि अनुदानस्वरूप प्रदान करने की घोषणा की।

इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष श्री विनोद बैद ने किया तथा आभार ज्ञापन महामंत्री श्री बिनोद कुमार चोरड़िया ने किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा
(ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

3, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट, कोलकाता - 700 001, दूरभाष: 2235 7956, 2234 3598, फैक्स : 033 2234 3666